कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 2241 /XXV–12 /2008 (P–5)    देहरादून : दिनांक 18 अगस्त, 2017

सेवा में,

श्री अनूप कुमार,
ग्राम व पोस्ट– तुनवाला (अपर),
देहरादून, उत्तराखण्ड।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत चाही गयी सूचना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने सूचना अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित आवेदन पत्र दिनांक 12 अगस्त, 2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम सें सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त आवेदन पत्र के माध्यम से वांछित सूचना के संबंध में अवगत कराना है कि राजनीतिक पार्टी के पंजीकरण हेतु आपको लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क, ख, एवं ग की प्रति संलग्न प्रेषित की जा रही है।

यदि आप उपरोक्त उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं से सन्तुष्ट न हों तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख निम्न पते पर अपील प्रस्तुत कर सकते हैं:–

**विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं**
**सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**उत्तराखण्ड, 04–सुभाष रोड़,**
**सचिवालय परिसर, देहरादून।**

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

B. S. Rawat
**(बी0 एस0 रावत)**
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

17/8/2017

दिनांक— 12.08.2017

सेवा में,

**लोक सूचना अधिकारी/अपर सचिव निर्वाचन,**
**उत्तराखण्ड शासन, सचिवालय**
**04, शुभास मार्ग, देहरादून।**

विषयः— सूचना का अधिकार, अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना हेतु प्रार्थना पत्र।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, प्रार्थी, राजनीतिक पार्टी (Political Party) के चुनाव चिन्ह हेतु/अन्तर्गत अपना पंजीकरण कराना चाहता है, जिससे कि उक्त चुनाव चिन्ह के अधीन चुनाव लड़ सके।

तदक्रम में महोदय से निवेदन है कि कृपया आवश्यक प्रपत्र/दस्तावेज/शासनादेश/नीति की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उपरोक्त वांछित सूचना हेतु रू 10/— का पोस्टल ऑर्डर संख्या 37F 811941 मूलरूप से संलग्न है। कृपया उपरोक्त सूचना शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रार्थी

अनूप कुमार
ग्राम व पोस्ट— तुनवाला (अपर)
देहरादून (उत्तराखण्ड)

संलग्न पोस्टल आर्डर की मूल प्रति।

श्री सेमवाला
आवेदक को अवगत कराया
लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951
की धारा 29 क, ख, ग प्रेषित करें
18-8-17
S.O
P.I.O.